राजस्थान सरकार

<u>मंत्रिमण्डल सचिवालय</u>

माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार समस्त माननीय मंत्रिगण आगामी दो माह में संभागीय मुख्यालय पर आवश्यक रुप से एवं जिला मुख्यालय पर सुविधानुसार अपने–अपने विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आवश्यक रुप से आयोजित करें। उपरोक्त बैठक की पालना रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को अवश्य भिजवायें।

माननीय मंत्रिगण अपने विभागीय अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की विभाग से जुडी राज्य सरकार की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं/कार्यक्रमों एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की विभागीय बैठक के अलावा अलग से चर्चा कर जन सुनवायी करना भी सुनिश्चित करें। अतः कृपया माननीय मंत्री महोदय को उपरोक्तानुसार समीक्षा बैठक एवं जन सुनवायी आयोजित कर पालना रिपोर्ट भिजवाने हेतु अवगत करावें।

9/7/2020
(कैलाश चन्द्र गुप्ता)
वरिष्ठ शासन उप सचिव

विशिष्ट सहायक/निजी सचिव,
माननीय उप मुख्यमंत्री/मंत्रिगण/राज्यमंत्रिगण।

अ0शा0 टीप क्रमांकः 11(27)मं.मं./2018
जयपुर, दिनांकः 09.07.2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान।
2. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
3. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिवगण।
4. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
5. समस्त जिला कलेक्टर्स, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि माननीय मंत्रीगण से समन्वय करते हुए उक्तानुसार सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें।
6. आयुक्त/निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान।
7. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सेल, सामान्य प्रशासन विभाग।
8. रक्षित पत्रावली।

9/7/2020
वरिष्ठ शासन उप सचिव